संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी बहनों और बेटियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देती हूं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस स्त्री-शक्ति की उपलब्धियों और देश तथा समाज में उनके अप्रतिम योगदान को सम्मानित करने का अवसर है। महिलाएं परिवार का आधार होने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र की नींव भी होती हैं। महिलाओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में चुनौतियों का सामना करते हुए भी जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में अधिक सुधार लाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें जहां प्रत्येक महिला सुरक्षित महसूस करे और उसे आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें।

मैं सभी महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई देती हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

****